## - बैठक :-

आज दिनांक 20/9/21 दिन सोमवार को प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक दोपहर 3.30 बजे से हो रही है। बैठक की कार्यवाही विवरण बिन्दुवार निम्नानुसार है :-

(1) सर्वप्रथम प्राचार्य महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कोरोना COVID-19 के व्यापक रूप से फैलने के प्रति सावधानी बरतने व उपायों की चर्चा करते हुए महाविद्यालय के सभी अधिकारी/कर्मचारियों को सभी प्रकार के शासन के दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन करने पर जोर दिया। IQAC समन्वयक श्री अजय कुमार श्रीवास्तव ने आज की बैठक का एजेंडा पढ़कर सुनाया।

(2) विगत बैठक में लिए गए निर्णयों की समीक्षा की गई ऑनलाइन कक्षाओं में गुणवत्ता बनाये रखने का निर्णय लिया गया। सभी शिक्षकों को ऑनलाइन तथा ऑफलाइन दोनों माध्यम से शिक्षण कार्य करने का निर्देश दिया गया।

(3) यह निर्णय लिया गया कि पुस्तकालय के लिए बजट आवंटन की मांग से विषयवार पाठ्य पुस्तकें क्रय किया जावे तथा इसके

लिये विषयवार सभी विषयों के आवश्यक पुस्तकों की सूची तैयार की जायेगी।

(4) महाविद्यालय में अध्यापन कार्य को व्यवस्थित करने के लिए ग्रीन बोर्ड तथा बेन्चर स्टैण्ड की आवश्यकता है अतः इस विषय में निर्णय लिया गया कि शासन से इस मद में राशि प्राप्त पर यह सामग्री क्रय की जायेगी।

(5) महाविद्यालय भवन परिसर के आसपास स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जाने की आवश्यकता है इस बाबत प्राचार्य महोदय द्वारा N.S.S. के कार्यक्रम अधिकारी श्री री० एल० वर्मा को NSS के छात्र/छात्राओं के साथ दैनिक गतिविधियों के अन्तर्गत स्वच्छ परिसर के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किये जाने का निर्देश दिया गया।

(6) उच्च शिक्षा विभाग, उ०प्र० शासन से प्राप्त निर्देश महाविद्यालय में नियमित विद्यार्थियों को कौशल विकास के लिए Value Added कोर्स विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आरंभ किया जाना है इस हेतु श्री एस०के० श्रीवास्तव, सहा० प्राध्यापक को प्रभारी प्राध्यापक नियुक्त किया जाता है। कोर्स की

उपरोक्त तैयार कर प्राचार्य की सहमति के पश्चात शीघ्र ही पर कोई ऑर्डर किया जावे।

(7) महाविद्यालय में पाठ्येतर गतिविधियों के सफल संचालन हेतु विभिन्न समितियों का गठन एवं वर्षों की भांति किये जाने का निर्णय लिया गया।

(8) महाविद्यालय में नैक मूल्यांकन की प्रक्रिया के अंतर्गत आवश्यक को IIQA जमा NAAC के पोर्टल पर जमा किया जा चुका है। प्राचार्य महोदय द्वारा महाविद्यालय का SSR तैयार करने का कार्य सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को आपस में समन्वय बनाकर करने का निर्देश दिया गया।

(9) यह भी निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय भवन की मरम्मति तथा रंग-रोगन हेतु भवन निर्माण विभाग [illegible] को पत्र लिखने का कार्य शीघ्र किया जावे।

(10) बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय भवन के चारों की ओर बबूल के बड़े-बड़े वृक्ष लगे हुए हैं। इससे भवन की नींव कमजोर होने की आशंका है तथा ऊपर छत में कचरा जमा हो जाता है। अतः इन्हें स्थानीय प्रशासन से अनुमति लेकर कटाई कराकर नीलामी द्वारा बिक्री का कार्य किया जावे।

(72)

बैठक के अंत में IQAC समन्वयक श्री एच०के० श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा धन्यवाद सहित ही आज की बैठक समाप्त हुई। बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे।

1. श्रीमती अनिता पोद्दार — [signature]
2. श्री सेवकराम वर्मा — [signature]
3. श्री हरि सिंह सोनवानी — [signature]
4. श्री डी०एल० राव — [signature]
5. श्री राजकुमार निर्मलकर — [signature]

[signature] 20/9/24
(श्री एच०के० श्रीवास्तव)
IQAC समन्वयक

[signature]
(डॉ० [illegible])
Principal
Late Shri Devi Prasad Choubey
Govt. College Gandai

PAGE:
Date:

## बैठक (IQAC)

आज दिनांक 15/12/23 दिन मंगलवार को प्राचार्य की अध्यक्षता में प्राचार्य कक्ष में महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक दोपहर 3:30 बजे से हो रही है। बैठक की कार्यवाही विवरण बिन्दुवार निम्नानुसार है:-

① सर्व प्रथम प्राचार्य महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों का स्वागत करते हुए नैक मुल्यांकन हेतु महाविद्यालय के Self Study Report की प्रगति के बारे में जानकारी तथा इसे सभी क्राइटेरिया में शामिल बिन्दुओं पर महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के विवरण से तैयार करने का निर्देश दिया।

② पिछली बैठक में लिये गए निर्णयों की समीक्षा की गई कुछ कार्यों जैसे स्कूल की पेड़ों की कटाई न होने पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा Value Added जैसे कोर्स प्रारंभ किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की गई तथा आगामी वर्ष में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाये जाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए सभी शिक्षकगण अपनी-अपनी कक्षाओं में विद्यार्थियों को प्रेरित करने का कार्य करेंगे इस बाबत निर्देश प्राचार्य महोदय ने सभी शिक्षकों को दिया।

③ बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अध्ययन कक्ष में दिवार पर बने Black Board खराब हो रहे हैं अतः उनके स्थान पर ग्रीन बोर्ड क्रय कर उसी स्थान पर लगाया जाये तथा सभी अध्ययन

कक्षा में बाजार में उपलब्ध यथा उचित लेक्चर स्टैंड का क्रय किया जावे। कार्यालय के लिए आलमारी भी क्रय किए जाने का निर्णय लिया गया।

(4) बैठक में शैक्षणिक कार्यों की भी समीक्षा की गई। सत्र 2021-22 की शुरुआत COVID-19 के कारण देरी से हुई अतः सभी शिक्षकों को प्राचार्य महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि अनिवार्य रूप से उपलब्ध संसाधनों में से समय पर अपना कोर्स पूर्ण करेंगे। शिक्षण योजना बनाई गई है। कमजोर छात्रों का विशेष ध्यान रखने का निर्देश भी प्राचार्य महोदय ने दिया।

(5) महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ बनाये रखने के लिए महाविद्यालय के सभी छात्र/छात्राओं को शामिल करते हुए सप्ताह में 01 दिन स्वच्छता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया इसके लिए महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री टी०एल० वर्मा को प्राचार्य महोदय द्वारा निर्देश दिया गया।

(6.) बैठक में AISHE पोर्टल पर महाविद्यालय की जानकारी समय पर अपलोड करने का निर्देश प्राचार्य महोदय द्वारा नोडल अधिकारी सी.एन.के० श्रीवास्तव को दिया गया। साथ ही कार्यालय के कर्मचारियों को भी इस बाबत आवश्यक जानकारी तैयार रखने का निर्देश भी दिया गया।

(7) बैठक में नैक के अंतर्गत IQAC के समन्वयक श्री. एन०के० श्रीवास्तव ने सूचित किया कि दिनांक 05/04/2021 को महाविद्यालय का IIQA स्वीकार कर लिया गया है और अब महाविद्यालय का Self Study Report (SSR) तैयार करने का कार्य जारी है जिसके जमा करने की निर्धारित तिथि 18/01/2022 है। इस बाबत प्राचार्य महोदय द्वारा समस्त शिक्षकों को निर्देश दिया गया कि जिन्हें जिस क्राइटेरिया की जिम्मेदारी दी गई है वे सभी पूर्ण लगन से समय पर यह कार्य पूर्ण करें नियमित रूप से IQAC के समन्वयक से सम्पर्क में रहें तथा मार्गदर्शन लेते रहें। (SSS) के लिए सभी शिक्षकगण प्रत्येक कक्षा के छात्र/छात्राओं के मोबाइल नंबर तथा Active Email ID रखेंगे तथा इन का कार्य अपनी नियमित अध्यापन के दौरान अध्यापन कक्ष में ही करेंगे। प्राचार्य महोदय ने कहा कि सभी ऐसा कार्य करें जो महाविद्यालय के हित में हो तथा उत्कृष्ट ग्रेड प्राप्त करने में सकारात्मक प्रभाव डाले।

IQAC Co-ordinator
Late Shri Devi Prasad ji Choubey
Government College Gandai
Distt. Rajnandgaon (C.G.)

Principal
Late Shri Devi Prasad Choubey
Govt. College Gandai

बैठक के अंत में IQAC के समन्वयक श्री एन०के० श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा इसके साथ ही आज की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे। →

(76)

PAGE:
Date:

1. श्रीमती अनिता पोखरा :- (signature)
2. श्री चौन लाल वर्मा :- (signature)
3. श्री डी. पी. सिन्हा - D.P. Sinha
4. श्री राजकुमार निर्मलकर - Rajkumar
5. श्री डी. एल. लाड़ - (signature)
6. कु. योगेश्वरी वर्मा - (signature)

(signature)
सचिव
(श्री एम. डी. शेंदलकर)
IQAC समन्वयक

IQAC Co-Ordinator
Late Shri Devi Prasad ji choubey
Government college GANDAI
Distt. Rajnandgaon (C.G)

(signature)
(डॉ. पी. एन. मेश्राम)
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय,
Principal
Late Shri Devi Prasad Choubey
Govt. College Gandai

बैठक (IQAC)

आज दिनांक 30 मार्च 2022 दिन बुधवार को प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में प्राचार्य कक्ष में महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक समय दोपहर 03.30 p.m. बजे से हो रही है। बैठक में निम्न लिखित बिन्दुओं पर विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया :-

(1) सर्वप्रथम प्राचार्य महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों का स्वागत करते हुए विगत माह फरवरी, 22 में महाविद्यालय का Self Study Report (SSR) सफलता पूर्वक NAAC पोर्टल पर अपलोड किये जाने के लिए IQAC के समन्वयक श्री [illegible] श्रीवास्तव को तथा समस्त शिक्षकों एव कार्यालयीन स्टाफ को बधाई दी तथा NAAC मूल्यांकन का एक चरण पूर्ण होने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त किया।

(2) बैठक में सबसे पहले विगत बैठक में लिए गए निर्णयों की समीक्षा की गई तथा उनके क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। प्राचार्य महोदय द्वारा (SSS) कार्य के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य नहीं प्राप्त करने पर असंतोष व्यक्त किया तथा इसे Date Extend करके

निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्देश प्राचार्य महोदय ने IQAC के समन्वयक श्री ए० के० श्रीवास्तव को दिया। IQAC के समन्वयक ने सूचित किया कि (SSS) की अवधि 24/3/22 को समाप्त हो चुकी है तथा 7.8% तक ही यह कार्य हो पाया है इसे 10% या 100 विद्यार्थियों जो दोनों में से कम हो तक किया जाना है

(3) सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि नैक मूल्यांकन के लिए महाविद्यालय के website पर सभी जानकारियां अपलोड करते रहना है। वर्तमान website अपडेट नहीं है। अतः IQAC समन्वयक के मार्गदर्शन में कम्प्यूटर आपरेटर श्री श्रीनारायण उइके के माध्यम से यह कार्य तत्पर रूप से जारी रखेंगे तथा शीघ्र ही अपडेट की कार्यवाही पूर्ण की जावेगी

(4) बैठक में IQAC के समन्वयक ने सूचित किया की महाविद्यालय के नैक मूल्यांकन अंतर्गत DVV clarification मांगा गया था जिसे आज दिनांक को ही Online Postal पर अपलोड कर दिया जावेगा। इसकी तैयारी पूर्ण कर ली गई है इस कार्य - IQAC के समन्वयक ने सभी के द्वारा आवश्यक सहयोग दिए जाने का आभार व्यक्त किया गया।

(5) बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी वार्षिक परीक्षा का आयोजन मई/जून माह में किये जाने की संभावना है अतः सभी शिक्षक अपना-अपना कोर्स आगामी माह अप्रैल के अंत तक पूर्ण कर लेवे इस बाबत प्राचार्य महोदय ने कमजोर विद्यार्थियों की ओर विशेष ध्यान देने का निर्देश भी दिया।

बैठक के अंत में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के समन्वयक श्री एन.के. श्रीवास्तव ने उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही आज की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में निम्न सदस्यगण उपस्थित रहे।

1. श्रीमती अनिता पोर्ते :- [signature]
2. श्री टीप लाल वर्मा :- [signature]
3. श्री अशोक प्रसाद सिन्हा :- [signature]
4. श्रीमती विनिता जंघेल :- [signature]
5. श्री राजकुमार निर्मलकर - [signature]
6. श्री डी० एल० साव - [signature]

[signature] 30/3/22
(डॉ. अजय कुमार श्रीवास्तव)
IQAC Co-Ordinator
Late Shri Devi Prasad ji choubey
Government college GANDAI
Distt. Rajnandgaon (C.G.)

[signature]
(डॉ. एन. एल. वर्मा)
प्राचार्य
Principal
Late Shri Devi Prasad Choubey
Govt College Gandai